>

Title: Need to set up wind energy plants in Rajgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): वर्तमान में देश में व्याप्त ऊर्जा के संकट के संबंध में संसद में कई बार चर्चा हो चुकी है तथा पूरे सदन ने इस संबंध में अपनी चिंता भी व्यक्त की है। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय के वर्तमान कैबिनेट मंत्री जी के विशेष प्रयासों के माध्यम से देश के कई राज्यों में गैर परम्परागत ऊर्जा के स्त्रोत स्थापित किये जा रहे है, जिसमें पवन ऊर्जा एक मुख्य गैर परम्परागत ऊर्जा का स्त्रोत है। पवन ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए उक्त क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति में ऊँची-ऊँची पहाड़िया होना अत्यंत आवश्यक होता है।

मैं मध्य प्रदेश के राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से आता हूँ जहां तहसील नरसिंहगढ़ के आसपास का क्षेत्र कई ऊँची-ऊँची पहाड़ियों से घिरा हुआ है एवं इससे ही लगी हुई ब्यावरा तहसील के अंतर्गत सुठालिया क्षेत्र है जहां की भौगोलिक स्थिति भी पहाड़ीयुक्त है। साथ ही राजगढ़ तहसील के अंतर्गत जालपा जी की पहाड़ी, बटेरी की डूंगरी, होड़ा माताजी की बल्डी, चौंडापुरा की बल्डी, तहसील सारंगपुर में भैंसवा माताजी की पहाड़ियाँ तथा जीरापुर तहसील के अंतर्गत रामनगर की पहाड़ियाँ, माचलपुर एवं रामगंज की पहाड़ियाँ ऐसे स्थल हैं जहां गैर परम्परागत ऊर्जा के स्त्रोत विशेषकर पवन ऊर्जा संयंत्र आसानी से लगाये जा सकते है व क्षेत्र में व्याप्त विद्युत संकट से काफी कुछ राहत मिल सकती है।

में सरकार से और नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय के माननीय मंत्री महोदय से विशेष अनुरोध करना चाहूंगा कि वह मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उक्त स्थलों पर पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जाने बाबत आवश्यक सर्वे कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाने के समुचित आदेश प्रदान करें।